सार-समाचार

वृक्षारोपण महाभियान का शुभारंभ

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौली में आज वृक्षारोपण महाभियान का शुभारंभ किया गया। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत संपूर्ण राजस्थान में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया जाएगा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौली को 2240 पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिन में से आज 451 पौधे विद्यार्थियों एवं स्टाफ को वितरित किए गए शेष पौधे कल गुरु पूर्णिमा पर वितरित कर निजी , सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थानों पर लगवाए जाएंगे एवं उनकी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया जाएगा । विद्यालय प्रधानाचार्य लखन लाल मीणा एवं इको कलब प्रभारी मुकेश लहकोडिया ने बताया कि वृक्षारोपण के लिए विद्यार्थियों में पूर्ण जोश में नारे लगाते हुए ''नगरी नगरी द्वारे द्वारे ,पेड़ लगाओ न्यारे न्यारे ।जन-जन को समझता है ,पर्यावरण स्वच्छ बनाना है ।धरती का श्रंगार पेड़ है, जीवन का आधार पेड़ है उद्घोष के साथ अपने घरों को गए और पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर हरकेश मीणा सतीश कुमार शर्मा रामराज मीना,ताराचंद ,शिवकुमार मीणा पूनम जाटव संपत सांवरिया मीनाक्षी ,शशि गुप्ता, पूजा मीणा आदि उपस्थित थे।

वन्य जीवों की हत्या के दो आरोपी पकड़े

रूपवास, (निसं)।गहनोली मोड़ थानांतर्गत गांव कांदौली में वन्य जीवों का शिकार करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को ग्रामीणों व पुलिस की मदद से वन विभाग की टीम ने पकड़ा। जिस पर दो जनो के बालिग होने पर गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया।उपवन संरक्षक भरतपुर के आदेशानुसार क्षेत्रीय वन अधिकारी (प्रथम) भरतपुर प्रतिभा के निर्देशन में नाका रुपवास अधीन सहायक वनपाल सुष्पेन्द्र सिंह, स वनरक्षक राजकुमार, धर्मपाल व वाहन चालक मानसिंह द्वारा गांव कांदोली में हुए वन्यजीव शिकार प्रकरण में मृत एक राष्ट्रीय पक्षी मोर (मादा) व एक लाफिंग उव (मृत) को तीन शिकारियों के साथ पकड़ा। जो कि शिकारियों द्वारा किया गया उक्त कृत्य वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अन्तर्गत वन अपराध की श्रेणी में आता है। इन तीन शिकारियों में से हरीश पुत्र बहादूर व पीयूष पुत्र मुकेश जो कि बालिग थे। उनको न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।जहाँ से पीयूष व हरीश को न्यायिक अभिरक्षा हेतु बयाना जेल भेज दिया गया। वही एक अन्य को नाबालिग होने के कारण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड भरतपुर के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से उसे सम्प्रेक्षण गृह में भेज दिया गया है।

अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया

रूपवास, (निसं)। गांव सिरसोन्दा में पीडब्ल्यूडी की सड़क के किनारे व आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस, प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से हटाया गया। इस दौरान तहसीलदार अमित शर्मा, जेईएन नरेन्द्र कुमार, थानाधिकारी चंद्रमोहन, एएसआई हरदम सिंह, एचसी विनोद शर्मा, अरुण परमार मौजूद थे। तहसीलदार अमित कुमार शर्मा ने बताया कि गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा था।लेकिन प्रवेश द्वार पर कुछ लोगो ने पूर्व से ही कच्चे मार्ग में आशिंक रूप से उपले, लकड़ी, पत्थर, खंडा रखकर अतिक्रमण कर रखा था। जिससे सड़क पूरी तरह से नही बन रही थी। इस पर विभागीय अधिकारियों की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने नापतौल कर लोगों से सड़क किनारे कर रखे अतिक्रमण को हटाने की बात कही। लेकिन नही हटाने पर कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से खंडा, पत्थर, पट्टी, उपले व लकड़ियों को हटाकर रास्ते को साफ कराया गया। तथा भविष्य में सड़क बनने के बाद भी किनारे पर अतिक्रमण नही करने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर भरतपुर पुलिस लाइन से आया जाब्ता भी कार्यवाही के दौरान मौजूद रहा।

रंगीली हाट 19 जुलाई से

भरतपुर, (निस) प्रयास संस्था द्वारा आगामी 19,20 जुलाई में रंगीली हाट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संस्था की एक बैठक सेक्टर तीन में आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष सिपिका गोयल ने बताया कि रंगीली हाट का आयोजन अभिनंदन मैरिज होम, पाई बाग में 11 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा।संस्था की सचिव अलका मित्तल ने बताया कि इस हाट का उद्देश्य घर से काम करने वाली महिलाओं को अपने उत्पादों को आम जनता तक पहुँचाने का अवसर देना है। प्रयास संस्था इससे पहले भी 2 बार रंगीली हाट का सफल आयोजन कर चुकी है, जिसे शहरवासियों ने खूब सराहा था।संस्थापक अंजू मित्तल ने बताया कि रंगीली हाट का मुख्य आकर्षण तीज, राखी और जन्माष्टमी की खरीदारी को लेकर रहेगा। इस हाट में गुजराती साड़ी, राजपूती ड्रेस, लहरियाँ, राजस्थानी ज्वैलरी, जूट के सामान, स्टेशनरी, आर्टिफिशल ज्वेलरी, गॉगल्स, कान्हा जी की पोशाक, गिफ्ट आइटम, राखियाँ, विभिन्न वैरायटी के सूट और लहंगे आदि एक ही छत के नीचे उपलब्ध रहेंगे। रंगीली हाट में मनोरंजन के लिए भी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें बच्चों के लिए ड्राइंग और म्यूजिकल चेयर, लड़कियों और महिलाओं के लिए तम्बोला तथा तीज स्पेशल रेसिपी प्रतियोगिता शामिल है। तम्बोला का आयोजन 19 व 20 जुलाई को दोपहर 1 बजे से खिलाया जाएगा। 19 जुलाई को शाम 4:30 बजे म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता और 20 जुलाई को दोपहर 3 बजे ड्राइंग प्रतियोगिता और तीज रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित होगी। तीज स्पेशल रेसिपी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को घर से व्यंजन बनाकर लाने होंगे।स्टाल के लकी ड्रॉ भी निकले जाएँगे एव देखने आने वालो के लिए सरप्राइज गेम भी निकले जाएँगे जिस किसी को स्टॉल लगाने या किसी प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छा हो, वह प्रयास संस्था के किसी भी सदस्य से संपर्क करें। बैठक में अंजू मित्तल अलका मित्तल नीतू गुप्ता रंजना पराशर टीना शर्मा निधि गोयल पूजा गर्ग मीरा गोयल ममता जैन सुनीता कुलश्रेष्ठ शशि गुप्ता मीनू सोइन पूजा कोठारी आदि सभी ने अपने सुझाव रखे।

किसान सभा ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

भरतपुर, (निस)। देशव्यापी अभियान के तहत अखिल भारतीय किसान सभा ने केन्द्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कामरेड नत्थीलाल महामंत्री, रम्मो सिंह हवलदार उपाध्यक्ष, हरीसिंह घसौला उपाध्यक्ष, हरभान सिंह पीरनगर तहसील भरतपुर अध्यक्ष, सुन्दर सिंह, रामदेव सिंह बांसी, लालहंस फौजी बसुआ, महावीर प्रसाद खौखर, गोपीसिंह घसौला, हरीसिंह उसरानी सहित 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने प्रधानमंत्री के नाम ए.डी.एम.सिटी भरतपुर को ज्ञापन दिया। उक्त मौके पर कामरेड नत्थीलाल ने संबोधन में बताया कि मोदी सरकार श्रमिकों द्वारा सैंकड़ों साल से चलाये गये आन्दोलनों में भारी कुर्बानी देकर जो श्रम कानून बनवाये, उन्हें अब मोदी सरकार द्वारा समाप्त कर मजदूर विरोधी चार आचार संहिता लागू की जा रही हैं जिनसे मजदूर वर्ग का सर्वनाश हो जावेगा और अपने अधिकारों के लिए संगठन बनाने और आन्दोलन करने के अधिकार तक पर रोक लगा दी जावेगी। इसी तरह मोदी सरकार द्वारा तीन किसान विरोधी कृषि काले कानून लागू किये थे, जिनके खिलाफ किसानों ने एक साल तक देशव्यापी आन्दोलन लड़ा, तब जाकर सरकार ने काले कानून तो वापिस ले लिये, लेकिन उक्त आन्दोलन के दौरान 700 किसानों की जान चली गईं उनके परिवारों को सहायता देने, एम.एस.पी. लागू करने जैसे कई आश्वासन दिये थे, जिन्हें अब तक पूरा नहीं किया गया है। देशव्यापी अभियान के तहत भरतपुर में भी यह विरोध किया जा रहा है।

'महिला संगठन समाज की रीढ़'

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल धर्मशाला, गंगापुर सिटी में जिला अग्रवाल समाज संघ के मार्गदर्शन में जिला अग्रवाल महिला संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अग्रवाल समाज संघ के अध्यक्ष गोविंद बरनाला ने की। इस अवसर पर संगठन की नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग सहित समस्त पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से शपथ ग्रहण की। समारोह में जिले

■ **अग्रवाल महिला संगठन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

एवं तहसीलों की अग्रवाल महिला इकाइयों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

महामंत्री रजनी सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र गर्ग, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश गोयल, प्रदेश संस्कृत मंत्री सरोज गर्ग, महिला सेवा समिति की इकाई अध्यक्ष पदमा अग्रवाल, पूर्व तहसील अध्यक्ष रीना मित्तल तथा पूर्व जिला महामंत्री रेनू आर्य सहित बोली, वजीरपुर और गंगापुर सिटी की महिला इकाइयों की समस्त सदस्याएं ससम्मान उपस्थित रहीं। बजीरपुर इकाई की अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम बोली से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू गोयल, श्रीमती रजनी सिंघल व उनकी टीम तथा अन्य तहसीलों की महिला प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर तहसील महिला मंडल की

शपथ ग्रहण करती जिला अग्रवाल संगठन महिला इकाई सदस्य एवं पदाधिकारी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमन आर्य व कोषाध्यक्ष मंजू गर्ग सहित उनकी टीम को भी विधिवत रूप से शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष गोविंद बरनाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला संगठन समाज की रीढ़ है। समाज की किसी महिला को पारिवारिक संकट, संबंध विच्छेद या आर्थिक अस्थिरता जैसी कोई भी समस्या हो तो वह अपनी समस्या को संगठन के माध्यम से जिला स्तर तक पहुँचाए जिला संगठन यथासंभव सहायता प्रदान करेगा।

प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र गर्ग ने समाज में किन्नरों को लेकर प्रचलित भ्रांतियों पर गम्भीर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं में यह भ्रम फैला हुआ है कि अगर किन्नर नाराज हो जाएं तो उनके श्राप लगते हैं। यह सोच सुधार की मांग करती है। समाज को मिलकर ऐसे अंधविश्वासों का प्रतिरोध करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी मांगलिक अवसर पर किन्नरों को 2100 से अधिक राशि न दी जाए और आवश्यकता पडने पर सामाजिक सहयोग लिया जाए। प्रदेश स्तर पर जब भी सामाजिक गतिविधियों की बात होती है, गंगापुर सिटी अग्रवाल समाज का नाम सदैव सम्मानपूर्वक लिया जाता है। हर बैठक में हमारी इकाई की सक्रियता, सहभागिता और सामाजिक योगदान की चर्चा विशेष रूप से होती है। यह हमारे संगठन की प्रतिबद्धता और सतत प्रयासों का परिणाम है, जिससे गंगापुर सिटी अग्रवाल समाज पूरे प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश गोयल ने कहा कि महिलाओं का समाज के निर्माण में विशेष योगदान है। वे केवल परिवार की प्रथम गुरु नहीं, अपितु समाज की उन्नति में भी निर्णायक भूमिका निभाती हैं। उन्होंने संगठन को और अधिक विस्तार देने एवं अधिकाधिक महिलाओं को इससे जोडने का आव्हान किया। जिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा गर्ग ने अपने संबोधन में सभी इकाई अध्यक्षों से नियमित बैठकें आयोजित करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि वर्ष में कम से कम पाँच प्रमुख पर्वों को सामूहिक रूप से मनाया जाए ताकि संगठनात्मक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता बढे। उन्होंने वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर और महिला जागरूकता अभियानों को भी प्राथमिकता देने का आ ान किया।इस बैठक की एक और विशेष उपलब्धि यह रही कि जिले की 15 नई महिलाओं ने संगठन से जुडने के लिए अपना नाम पंजीकृत कराया। यह न केवल संगठन के प्रति विश्वास और आकर्षण का प्रतीक है, बल्कि इसकी निरंतर बढती प्रभावशीलता और सक्रियता का भी प्रमाण है। कार्यक्रम में वरिष्ठ महिला जिला संरक्षक अग्रवाल ने भी अपने अपने उद्बोधन में महिलाओं की समाज में वर्तमान परिपेक्ष्य में पारिवारिक, सामाजिक जिम्मेदारी से अवगत कराया एवं संगठन को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका में रहने का आव्हान किया।

अंत्योदय संबल अभियान में मिला आवासीय पट्टा

भरतपुर, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत बाछरैन में आयोजित शिविर में मुकेश पुत्र अंगना को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

ग्राम हिगोटा ग्राम पंचायत बाछरैन निवासी मुकेश के पास घर बनवाने के लिए रूपयों की कमीं थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। मुकेश जगह-जगह मकान के पट्टे की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकने लगा। मुकेश को समाचार पत्र के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए बाछरैन स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र

शिविर में मुकेश को आवासीय पट्टा प्रदान किया।

पर आयोजित शिविर में पहुंचा। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया।कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। मुकेश को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया। अंत्योदय संबल अभियान में आवासीय पट्टा मिलने पर बैंक से ऋण लेकर अपना घर बनवा सकेगा।मुकेश ने बिना किसी परेशानी एवं मौके पर ही स्वामित्त्व योजना से लाभान्वित होने पर मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

गंगापुर सिटी में झमाझम बारिश

गंगापुर सिटी । दिन भर की उमस व गर्मी से परेशान लोगो को बुधवार की शाम आई बरसात से राहत मिली। बुधवार की शाम को मौसम ने करवट ली और शाम 4.30 बजे के बाद आसमान में घने बादल छाए और कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश का दौर चला। बारिश के दौरान बिजली कडकी और बादलों की गर्जना हुई।

बारिश से नया बाजार, फव्वारा चौक, ईदगाह और सालौदा क्षेत्र की सडकों पर पानी भर गया। जलभराव से दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पडा। कई वाहन गड्ढों में फंस गए। तहसील सूत्रों के अनुसार, गंगापुर सिटी क्षेत्र में अब तक 232 मिमी, वजीरपुर में 155 मिमी और तलावडा क्षेत्र में 268 मिमी बारिश दर्ज की गई है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में बादल छाए रहने के बावजूद बारिश नहीं हुई थी। बादलों की वजह से हवा नहीं चल रही थी, जिससे लोग गर्मी और उमस से परेशान थे। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। इस वर्ष किसानों को अच्छी बारिश की उम्मीद है। मानसून सक्रिय होने से क्षेत्र में आगे भी बारिश की संभावना बनी हुई है।

बैठक 15 को

करौली, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 15 जुलाई को प्रात: 11:30 बजे जिला प्रमुख की अध्यक्षता में भारत निर्माण राजीव गांधी जनसूविधा केन्द्र के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उक्त बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों एवं सूचनाओं के साथ उपस्थित रहने की निर्देश दिए।

गुरु पूर्णिमा का पर्व आज

करौली, (निसं)।करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा इस अवसर पर शिष्यों द्वारा अपने गुरुओं के चरण पूजन के साथ उन्हें नगर भ्रमण कराया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर गुरु पूर्णिमा पर्व पर कई जगह कार्यक्रम आयोजित होंगे इसी कड़ी में संत गोमती दास जी महाराज की गुरु पूर्णिमा उनके शिष्यों द्वारा गोमती कॉलोनी स्थित आश्रम पर मनाई जाएगी इस दौरान धार्मिक भजन, पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे इसके अलावा श्यारोली भक्त मंडल की ओर से छोकरा वाले भैरवनाथ के महंत हेमराज जी महाराज की गुरु पूर्णिमा करौली शहर के शिव अशोक मैरिज गार्डन में मनाई जाएगी इससे पूर्व भक्त मंडल की ओर से कोतवाली थाने के सामने स्थित शिव पैलेस से विशाल शोभायात्रा और गाजे बाजे के साथ महंत हेमराज जी महाराज को नगर भ्रमण कराते हुए कार्यक्रम स्थल 'ाव अ'ोका मैरिज गार्डन तक ले जाया जाएगा जहां गुरु पूजन चरण वंदन के साथ गुरु की दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित होगा वहीं अतेवा आश्रम के संत मोनी बाबा के शिष्यों द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व बरखेड़ा पुल के पास स्थित लव कुश मैरिज गार्डन में मनाया जाएगा और ब्रह्म ऋषि आश्रम चैनपुर में महामंडलेश्वर संत भगवान दास जी महाराज की गुरु पूर्णिमा का आयोजन होगा ।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा

भरतपुर, (निसं)। ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज के नेतृत्व में बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल के नाम आठ सूत्री एक ज्ञापन सहायक निदेशक, लोक सेवाएं भारती भारद्वाज को सौंपा गया। इस ज्ञापन में भरतपुर के किले में व्याप्त समस्याओं को दर्शाया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान परिषद के प्रदेश प्रवक्ता इन्दूशेखर, केशवदेव शर्मा, रणजीत फौजदार, कृष्णकांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

जिला कलक्टर को दिये ज्ञापन में बताया गया है कि भरतपुर किले की दीवारें कई वर्षो से क्षितठास्त हैं और पुरातत्व विभाग द्वारा पिछले पन्द्रह वर्षो में इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई है। इसके साथ ही किले की मुख्य मोटवाल व दीवारों में झाड़ियां, पीपल व बरगद के पेड़ स्वत: ही उग जाते हैं जिससे भविष्य में मोटवाल व दीवारें क्षितठास्त हो सकती हैं। किले की मोटवाल व दीवारों की मरम्मत अपेक्षित है। इसी प्रकार गत चार दशक से किले के घोड़ाघाट से मोरी चारबाग अस्पताल की मोटवाल भी क्षतिग्रस्त है।

भरतपुर ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने किले में व्याप्त समस्याओं के सम्बंध में मुख्यमंत्री के नाम आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि किले की सिनसिनी बुर्ज पर काले पत्थर की भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति क्षितठास्त हो चुकी है उसे जन्माष्टमी से पूर्व नई मूर्ति लगवाई जावे। ज्ञापन में श्री बिहारीजी मंदिर के पीछे वन विभाग की भूमि को जामा मस्जिद स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय को आवंटित की जावे और वहां गौशाला, धार्मिक अनुष्ठान केन्द्र व पुस्तकालय भी स्थापित किया जावे। किले के चौबुर्जा व केतन गेट प्रवेश द्वारों पर जयपुर की तर्ज पर आकर्षक पेन्टिंग करवाई जावे।इसी प्रकार ज्ञापन में सुजान गंगा नहर की सफाई, कोरिया घाट की मरम्मत एवं मुख्य-मुख्य स्थानों पर फव्वारे लगाने की मांग भी की गई है। गुरू पूर्णिमा पर भरतपुर शहर की लगने वाली परिक्रमा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने एवं सफाई व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिये भी ज्ञापन में मांग की गई है।

सार-समाचार

ठगी करने वाला रिटायर्ड कांस्टेबल धरा

गंगापुर सिटी, (निसं)। सरकारी नौकरी का झांसा देकर 6 लाख रुपए की ठगी करने वाले राजस्थान पुलिस से सेवानिवृत्त कॉन्स्टेबल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरवर प्रसाद (54) को रिद्धी-सिद्धी सर्किल गंगापुरसिटी से पकडा गया। उस पर सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक ने 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मामला मार्च 2022 का है। तब आरोपी वजीरपुर थाने में कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत था। उसने शिकायतकर्ता दीपक मेहरा के पिता से राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल की नौकरी दिलाने के लिए 8 लाख रुपए मांगे। इसमें से 6 लाख रुपए पहले और 2 लाख नौकरी लगने के बाद देने की बात हुई। दीपक के पिता ने विश्वास कर 6 लाख रुपए नकद दे दिए। आरोपी ने वादा किया कि नौकरी नहीं लगने पर एक महीने में ब्याज सहित पैसे लौटा देगा। दीपक ने इस लेन-देन की वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली थी। जब तय समय पर न तो नौकरी लगी और न ही पैसे वापस मिले, तो दीपक ने कोर्ट के माध्यम से मामला दर्ज कराया। उदेई मोड थाने में मामला दर्ज होने के बाद जांच में आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला साबित हुआ। आरोपी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस उससे पैसों की वसूली को लेकर पूछताछ कर रही है।

आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई

करौली, (निसं)। जिला रसद अधिकारी हितेश मीणा ने बताया कि खाद्य विभाग के निर्देशानुसार एवं जिला कलक्टर के अनुमोदन उपरान्त जिले में तहसीलवार कुल 71 नवसृजित एवं रिक्त उचित मूल्य दुकान दुकानों पर नवीन नियुक्ति हेतु नवसृजित 22 दुकानों तहसील हिण्डौन ग्रामीण 4, करौली 4, मंडरायल 2, सूरौठ 3 श्रीमहावीरजी 1, नादौती 5, सपोटरा-2, मासलपुर 1 एवं जिले की 49 रिक्त दुकानों पर तहसील हिण्डौन 6 करौली 8, मासलपुर 6, सूरौठ 4, श्रीमहावीरजी 9, नादौती 3, सपोटरा 1, बालघाट6 एवं टोडाभीम 6 डीलरों की नियुक्ति किये जानें हेतु विज्ञिप्त जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक कार्यालय जिला रसद अधिकारी, करौली द्वितीय मंजिल रूम नम्बर 208 से दिनांक 10 जुलाई से 25 जुलाई समय सायं 6 बजे तक 100 रूपये का भारतीय पोस्टल आर्डर जिला रसद अधिकारी करौली के नाम पर प्रस्तुत कर आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा करवा सकते हैं।

नि:शुल्क पुस्तकें बांटी

भरतपुर, (निस)। भरतपुर के जवाहर नगर स्थित होली मदर पब्लिक स्कूल में होली मदर एजूकेशनल एण्ड चौरिटेबिल सोसायटी के तत्वधान में आरटीई के तहत अध्ययनरत 115 विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रमुख व्यवसायी व फाउण्डर विमलकुंज राजेन्द्र गोयल थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र कुन्तल ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यपिका ज्योति मोल, एडमिन ऑफिसर एए बैन्नो आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की आरटीई प्रभारी स्वदेश कटारा ने सभी का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रयास की प्रशासा करते हुए अभिभावको को बच्चों का शिक्षा के लिए प्रयासरत रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में आरटीई के तरत शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक वितरित कि गई।कार्यक्रम कें अन्त में संस्था एडमिन ऑफिसर ए ए बैन्नो ने सभी को धन्यवाद दिया।

चोरी के मामले में स्थायी वारंटी गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)।उदेई मोड थाना पुलिस ने डेढ साल से फरार स्थायी वारंटी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी जाबुद्दीन उर्फ फन्ने खां (28) करौली जिले के मासलपुर थाना क्षेत्र के सकलूपुरा का रहने वाला है। न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2, गंगापुरसिटी ने आरोपी के खिलाफ चोरी के मामले में स्थायी वारंट जारी किया था। यह मामला प्रकरण संख्या 974/2020 के तहत धारा 379 आईपीसी में दर्ज है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी संतराम मीना ने इस कार्रवाई का सुपरविजन किया। थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में हेड कॉन्स्टेबल राजेश खन्ना, कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह और कॉन्स्टेबल रवि कुमार शामिल थे। आरोपी को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

आईवीएफ परामर्श शिविर आज

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के गोपालगढ स्थित डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस में गुरूवार को प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया जावेगा। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना ।

जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक 14 को

करौली, (निसं)। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदशक डॉ. गंगासहाय मीना ने बताया कि जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक 14 जुलाई को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित होगी। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत मासलपुर
पं.स. मासलपुर (करौली)
निविदा
कार्यालय ग्राम पंचायत मासलपुर में स्थित तालाब कोलुआ, वाला, पूछरी वाला, राजा वाला, डाबर वाला, मॉडल तालाब आदि में सिंघाडी पैदावार के लिए दिनांक 14.07.2025 को निविदा फार्म समय 12 बजे लिये जावेगें और उसी दिन दोपहर 1 बजे निविदा खोली जावेगी। जिसकी आमानता राशि एवं निविदा की शर्तें कार्यालय में कार्य दिवस पर देख सकते हैं।
भीम सिंह डागुर
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मासलपुर
पं.स. मासलपुर जिला करौली

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय
कार्यालय-चक सकीतरा, कुम्हेर भरतपुर-321201
Email- info@msbrijuniversity.ac.in, Website -www.msbrijuniversity.ac.in
No.:- 905 Date:-1/07/2025
Corrigendum
In continuation of Tender Notice No. 10/2024-25 published in this newspaper on July 3, 2025, sub point 4(1) of the Table no. 3 (PRE QUALIFICATION/ ELIGIBILITY CRITERIA), and Point 1 under head "Other Conditions of Contract" of the Tender Document are amended as follows:-
"The bidder should be a registered civil contractors in the appropriate category in Govt of Rajasthan, the Public Works Department of Rajasthan and other departments of the state government, as well as authorized organizations of the central government / Central Public Works Department / Department of Posts and Telecommunications / Railways, etc., who are equivalent to the 'D' and above category contractors of the Rajasthan government."
Last Date and time of Online Submission of Bid is Extented Upto 13/07/2025,5:00PM and Othe conditions of contract will be same. Bid opening Date will be 14/07/25, 12:00 PM
UBN No.- BUB2526SL0800027
NIB No.- BUB2526A0008
Registrar